न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नवलगढ़ जिला झुन्झुनू
पीठासीन अधिकारी श्री अनूप सिंह (आर.ए.एस.)

कम्प्यूटर आई.डी. 2020/00056
मुकदमा नम्बर 05/2020 दिनांक–11.02.2020

1. दीनदयाल पुत्र ओमप्रकाश जाति जाट निवासी ग्राम नेहरो की ढाणी तन कोलसिया तहसील नवलगढ़।
2. विनीत कुमार पुत्र ओमप्रकाश जाति जाट निवासी ग्राम नेहरो की ढाणी तन कोलसिया तहसील नवलगढ़।
3. संतोष देवी पत्नी ओमप्रकाश जाति जाट निवासी ग्राम नेहरो की ढाणी तन कोलसिया तहसील नवलगढ़।
4. बबीता पुत्री ओमप्रकाश जाति जाट निवासी ग्राम नेहरो की ढाणी तन कोलसिया तहसील नवलगढ़।
5. सुनिता पुत्री ओमप्रकाश जाति जाट निवासी ग्राम नेहरो की ढाणी तन कोलसिया तहसील नवलगढ़।

– प्रार्थीगण

बनाम

भूमिधारक राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार नवलगढ़ जिला झुन्झुनू।

– अप्रार्थी

**वकील वादी : – श्री विप्लव पंडित**
**वकील प्रति. :– राज. पैरोकार**

प्रार्थना–पत्र अं.धा. 136 राज.भू–राजस्व अधि. 1956

:: निर्णय ::

दिनांक 04.02.2021

प्रार्थीगण द्वारा एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि राजस्व ग्राम कोलसिया पटवार हल्का कोलसिया की सरहद में नई खाता संख्या 390 की भूमि खसरा नम्बर 387, 497 रकबा क्रमशः 0.69, 1.12 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 1.81 हैक्टर स्थित है, जिमसें प्रार्थीगण का प्रत्येक का 3/362 वां हिस्सा है तथा राजस्व ग्राम नेहरो की ढाणी पटवार हल्का कोलसिया की सरहद में नई खाता संख्या 191 की भूमि खसरा नम्बर 1456/42, 41, 42, 89, 90 रकबा क्रमशः 2.01, 0.03, 2.15, 2.65, 2.35 हैक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 9.19 हैक्टर स्थित है, जिसमें प्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 3 प्रत्येक का 1/18 – 1/18 हिस्सा एवं ग्राम नेहरों की ढाणी पटवार हल्का कोलसिया की सरहद में नया खाता संख्या 151 की भूमि खसरा नम्बर 1540/479, 481, 483, 484 रकबा क्रमशः 0.06, 2.79, 0.06, 2.74 हैक्टर कुल किता 4 कुल रकबा 5.65 हैक्टर स्थित है, जिमसें प्रार्थीगण प्रत्येक का 1/18 – 1/18 हिस्सा है। इसी अनुसार खातेदारी राजस्व में अभिलिखित है। वर्णित भूमि प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि है, खातेदारी व हिस्से को लेकर कोई विवाद नही है, परन्तु खाता संख्या 390 व 151 की भूमि में प्रार्थीगण के पिता व पति का नाम गलत रूप से हरिराम दर्ज है, जबकि सही व वास्तवित नाम ओमप्रकाश है तथा खाता संख्या 191 व 151 की भूमि में प्रार्थी संख्या 2 का नाम गलत रूप से वनीत कुमार दर्ज है जबकि सही व वास्तविक नाम विनित कुमार है। इसलिए प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र की मद संख्या में वर्णित भूमि में प्रार्थीगण के पिता व पति का नाम हरिराम के बजाय ओमप्रकाश तथा प्रार्थी संख्या 2 का नाम वनीत कुमार की जगह विनित कुमार दुरूस्त करवाना चाहते है, जिसके लिये उक्त प्रार्थना पत्र पेश किया है। उक्त भूमि के



उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ़

Scanned by CamScanner

राजस्व रिकार्ड मे प्रार्थीगण के पिता व पति का नाम सहवन व गलती से हरिराम व प्रार्थी संख्या 2 का वनीत कुमार दर्ज हो गया है, जबकि प्रार्थीगण के पिता व पति का सही नाम ओमप्रकाश है तथा प्रार्थी संख्या 2 का सही नाम विनित कुमार है, गलत नाम दर्ज रहने से प्रार्थीगण को अनेक प्रकार की पेरशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थीगण की ग्राम नेहरो की ढाणी पटवार हल्का कोलसिया की सरहद मे नई खाता संख्या 191 की भूमि खसरा नम्बर 1456/42, 41, 42, 89, 90 की भूमि में भी प्रार्थीगण के पिता व पति का नाम ओमप्रकाश ही दर्ज है तथा प्रार्थी संख्या 2 का खाता संख्या 390 की भूमि खसरा नम्बर 387, 497 में नाम विनित कुमार दर्ज है, प्रार्थीगण के राशन कार्ड, शिक्षा के रिकार्ड, मतदाता पहचाना पत्र, आधार कार्ड, बैंक पास बुक मे भी ओमप्रकाश व विनित कुमार ही नाम दर्ज है, प्रार्थीगण के पति व पिता के शिक्षा रिकार्ड एवं मृत्यू प्रमाण पत्र में भी ओमप्रकाश दर्ज है। प्रार्थीगण के पिता व पति को घर पर हरिराम पुकारते थे जबकि शिक्षा रिकार्ड में ओमप्रकाश ही दर्ज है, इसलिये आम बोलचाल में हरिराम पुकारने से प्रार्थना पत्र की मद संख्या 1 में वर्णित खाता संख्या 390 व 151 की भूमि के राजस्व रिकार्ड में सहवन व गलती से ओमप्रकाश की बजाय हरिराम दर्ज हो गया तथा खाता संख्या 191 व 151 की भूमि के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी संख्या 2 का नाम गलती से वनीत कुमार दर्ज हो गया, जो एक टेक्नीकल एरर है, जिसको दुरूस्त किया जाना न्यायोचित है। इसलिये प्रार्थना पत्र की मद संख्या 1 में वर्णित भूमि के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थीगण के पति व पिता का नाम हरिराम की बजाय ओमप्रकाश तथा प्रार्थी संख्या 2 का नाम वनीत कुमार की बजाय विनित कुमार दुरूस्त किया जावे। प्रार्थना पत्र पूर्ण कोर्ट फीस पर श्रीमान के क्षैत्राधिकार प्राप्त होने से न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना–पत्र मे अनुतोष के संबंध में निवेदन किया गया कि प्रार्थीगण का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थना पत्र की मद संख्या 1 मे वर्णित राजस्व ग्राम कोलसिया की सरहद में भूमि खाता संख्या 390 की भूमि खसरा नम्बर 387, 497 रकबा क्रमशः 0.69, 1.12 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 1.81 हैक्टर, ग्राम नेहरो की ढाणी की सरहद में नया खाता संख्या 151 की भूमि खसरा नम्बर 1540/479, 481, 483, 484 रकबा क्रमशः 0.06, 2.79, 0.06, 2.74 हैक्टर कुल किता 4 कुल रकबा 5.65 हैक्टर के राजस्व रिकार्ड मे प्रार्थीगण के पिता व पति का नाम हरिराम के बजाय ओमप्रकाश दुरूस्त किया जावे।

राजस्व ग्राम नेहरो की ढाणी की सरहद में नई खाता संख्या 191 की भूमि खसरा नम्बर 1456/42, 41, 42, 89, 90 रकबा क्रमशः 2.01, 0.03, 2.15, 2.65, 2.35 हैक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 9.19 हैक्टर व नेहरो की ढाणी की सरहद में नया खाता सख्या 151 की भूमि खसरा नम्बर 1540/479, 481, 483, 484 रकबा क्रमशः 0.06, 2.79, 0.06, 2.74 हैक्टर कुल किता 4 कुल रकबा 5.65 हैक्टर के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी संख्या 2 का नाम वनीत कुमार की बजाय विनित कुमार दुरूस्त किया जावे, जिसके लिए अप्रार्थी को तहरीर जारी की जावे।

वादी द्वारा वाद–पत्र प्रस्तुत होने पर बाद अवलोकन दर्ज पंजिका किया जाकर तलबी अप्रार्थी की गई। अप्रार्थी की ओर राज पैरोकार उपस्थित होकर अपना जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि प्रार्थीगण द्वारा उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार प्रार्थीगण के पिता के अनुसार प्रार्थीगण के पिता व पति का नाम ओमप्रकाश हैतथा प्रार्थी संख्या 2 का नाम विनीत कुमार है। प्रार्थीगण ने ग्राम नेहरों की ढाणी की नई खाता संख्या 191, 390 की जमाबन्दी, सरपंच ग्राम पंचायत कोलसिया का प्रमाण पत्र राजकीय प्राथमिक विधालय नेहरो की ढाणी के एस.आर. रजिस्टर की लिखित सूचना, ओमप्रकाश के मृत्यू प्रमाण पत्र की प्रति, पहचान पत्र आधारकार्ड पीपीओ की प्रति राशन कार्ड, टी.सी. पैनकार्ड, चरित्र प्रामण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, वाहन चालक प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजात की प्रतियां पेश की है जिसके अनुसार प्रार्थीगण के पिता का नाम ओमप्रकाश व प्रार्थी संख्या 2 का नाम विनीत कुमार है। राज. पैरोकार द्वारा वर्णित खाता संख्या 191, 390, 151 के राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती किया जाना न्याय संगत होना स्वीकार किया है तथा नाम दुरूस्ती की सहमति दी गई है।

उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ़



Scanned by CamScanner

अतः राज पैरोकार के जवाब प्रार्थना–पत्र एवं प्रार्थीगण के दस्तावेजात सरपंच ग्राम पंचायत कोलसिया का प्रमाण पत्र राजकीय प्राथमिक विधालय नेहरो की ढाणी के एस.आर. रजिस्टर की लिखित सूचना, ओमप्रकाश के मृत्यू प्रमाण पत्र की प्रति, पहचान पत्र आधारकार्ड पीपीओ की प्रति राशन कार्ड, टी.सी. पैनकार्ड, चरित्र प्रामण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, वाहन चालक प्रमाण पत्र आदि में प्रार्थीगण के पिता व पति का नाम ओमप्रकाश एवं प्रार्थी संख्या 2 का नाम विनीत कुमार होना साबित है। तहसीलदार नवलगढ़ की रिपोर्ट में वादी का नाम दुरूस्त किये जाने की सहमति प्रदान की गई है। अतः प्रार्थीगण को राजस्व रिकार्ड में नाम गलत अंकन होने से काफी पेरशानी का सामना करना पड़ता है। प्रार्थीगण को राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त करवाने के अधिकार है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता हैं। प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है।

## आदेश

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है। राजस्व ग्राम कोलसिया की सरहद में भूमि खाता संख्या 390 की भूमि खसरा नम्बर 387, 497 रकबा क्रमशः 0.69, 1.12 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 1.81 हैक्टर, ग्राम नेहरो की ढाणी की सरहद में नया खाता संख्या 151 की भूमि खसरा नम्बर 1540/479, 481, 483, 484 रकबा क्रमशः 0.06, 2.79, 0.06, 2.74 हैक्टर कुल किता 4 कुल रकबा 5.65 हैक्टर के राजस्व रिकार्ड मे प्रार्थीगण के पिता व पति का नाम हरिराम के बजाय ओमप्रकाश एवं राजस्व ग्राम नेहरो की ढाणी की सरहद में नई खाता संख्या 191 की भूमि खसरा नम्बर 1456/42, 41, 42, 89, 90 रकबा क्रमशः 2.01, 0.03, 2.15, 2.65, 2.35 हैक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 9.19 हैक्टर व नेहरो की ढाणी की सरहद में नया खाता सख्या 151 की भूमि खसरा नम्बर 1540/479, 481, 483, 484 रकबा क्रमशः 0.06, 2.79, 0.06, 2.74 हैक्टर कुल किता 4 कुल रकबा 5.65 हैक्टर के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी संख्या 2 का नाम वनीत कुमार की बजाय विनित कुमार दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार नवलगढ़ को आदेशित किया जाता है कि उक्तानुसार मुताबिक आदेश राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करे। इस आशय की तहसीलदार नवलगढ को तहरीर जारी हो। पक्षकारान खर्चा अपना–अपना वहन करेगे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील कार्यवाही जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 04.02.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

अनूप सिंह (R.A.S.)
उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ़

उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ़

Scanned by CamScanner